Rajasthan Patrika

EDI

March 3, 2016
Page No. 3

पर्यटन विकास को ईडीआईआई व टीसीजीएल ने मिलाया हाथ

अहमदाबाद @ पत्रिका

patrika.com/city

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) एवं गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड (टीसीजीएल) ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईडीआईआई में इन दोनों ही संस्थाओं की ओर से 40 युवाओं को खुद की ट्रैवल एजेंसी शुरू करने या फिर टूर ऑपरेटर बनने में मदद करने के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ईडीआईआई निदेशक डॉ.सुनील शुक्ला ने कार्यक्रम के पुरस्कार समारोह में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत करने वाला हर युवा या तो खुद की ट्रैवल एजेंसी शुरू करेगा या फिर टूर ऑपरेटर बनेगा। ऐसा करने में जब तक वो सफल ना हों तब तक संस्थान उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए तैयार है। उन्होने कहा कि संस्थान गुजरात के पांच सौ युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। टीसीजीएल की कौशलवर्द्धन प्रबंधक ख्याति नायक नेकहा कि पर्यटन के विकास को और भी गति देने के लिए ईडीआईआई सरीखे संस्थान का साथ आना जरूरी है।